# कसिान उत्पादक संगठनों का सुदृढ़ीकरण

यह एडटिोरयिल दनिांक 06/07/2021 को द हदिू बज़िनेस लाइन में प्रकाशति लेख “Reimagining FPOs to transform lives of marginal farmers” पर आधारति है। यह कसिान उत्पादक संगठनों (FPO) की स्थापना से संबंधति लाभों, चुनौतियों के बारे में बात करता है।

भारतीय कृषि को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जैसे- इनपुट लागत में वृद्धि, दक्षणि-पश्चमि मानसून के बदलते पैटर्न, खराब अर्थव्यवस्था आदि।

इन चुनौतियों के संभावति समाधानों में कसिान को मलिने वाली कीमत में वृद्धि, इनपुट को कम करने के लयि बेहतर तरीके, फार्म गेट पर मूल्यवर्द्धन, बीमा और कसिान-अनुकूल क्रेडटि मॉडल शामलि हैं।

हालाँकि एक ऐसा मुद्दा है जो इन सभी समाधानों के मूल में है और वह है पहुँच का। इस संबंध में कसिान उत्पादक संगठनों (FPO) की स्थापना से काफी मदद मलि सकती है। एक FPO कसिान आधार को बढ़ाने, इनपुट प्रदान करने, उत्पादन खरीदने, उन्हें फसलों पर सलाह देने, ऋण एवं बीमा प्रदान करने, प्रसंस्करण के बाद की सुवधिा आदि में मदद करता है।

FPO का समर्थन करने वाली कई सरकारी योजनाओं के बावजूद अब तक 7,500 से अधकि FPO पंजीकृत कयि गए हैं, इनमें से केवल 15 प्रतशित ही सक्रयि हैं।

## FPOs के लाभ:

- **परमिाण आधारति अर्थव्यवस्था:** थोक दरों पर सभी आवश्यक आगतों की खरीद थोक में करके उत्पादन की लागत को कम कयिा जा सकता है।
    - उत्पाद और थोक परविहन का संयोजन वपिणन लागत को कम करता है, इस प्रकार उत्पादक की शुद्ध आय में वृद्धि करता है।
    - आधुनकि प्रौद्योगकियिों तक पहुँच, क्षमता नरि्माण की सुवधिा, उत्पादन प्रौद्योगकियिों का वसि्तार और प्रशक्षिण तथा कृषि उपज के संबंध में जानकारी प्राप्त करने की क्षमता सुनश्चिति करना।
- **क्षति में कमी:** मूल्यवर्द्धन और मूल्य शृंखला के कुशल प्रबंधन के माध्यम से कटाई के बाद के नुकसान को कम कयिा जा सकता है।
    - उचति योजना और प्रबंधन के माध्यम से उपज की नयिमति आपूर्ति और गुणवत्ता पर नयिंत्रण संभव है।
- **वत्ति तक आसान पहुँच:** बनिा कसिी जमानत के स्टॉक के वत्तिीय संसाधनों तक पहुँच संभव है।
- **बेहतर सौदेबाज़ी:** FPOs के माध्यम से सामूहकिता भी उन्हें एक समूह के रूप में अधकि 'सौदेबाज़ी' की शक्ति देती है और सामाजकि पूंजी नरि्माण में मदद करती है।

## संबंधति चुनौतियाँ:

- **व्यावसायकि प्रबंधन की कमी:** पर्यवेक्षण और नयिंत्रण के लयि FPO को अनुभवी, प्रशक्षिति और पेशेवर रूप से योग्य मुख्य कार्यकारी अधकिारी तथा अन्य कर्मयिों द्वारा कुशलतापूर्वक प्रबंधति करने की आवश्यकता होती है।
    - हालाँकि FPO व्यवसाय को पेशेवर रूप से प्रबंधति करने के लयि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की प्रशक्षिति जनशक्ति वर्तमान में उपलब्ध नहीं है।
- **कमज़ोर वत्तिीय स्थति:** FPO का प्रतनिधित्वि अधकितर छोटे और सीमांत कसिानों द्वारा कयिा जाता है जनिके पास खराब संसाधन आधार होता है और इसलयि शुरू में वे अपने सदस्यों को जीवंत उत्पाद तथा सेवाएँ देने एवं आत्मवश्विास बनाने के लयि वत्तिीय रूप से मज़बूत नहीं होते हैं।
- **क्रेडटि तक अपर्याप्त पहुँच:** संपार्श्वकि और क्रेडटि इतहिास की कमी के कारण कफिायती ऋण तक पहुँच में कमी वर्तमान FPO द्वारा सामना की जाने वाली प्रमुख बाधाओं में से एक है।
- **जोखमि न्यूनीकरण तंत्र का अभाव:** वर्तमान में जहाँ कसिानों के स्तर पर उत्पादन से संबंधति जोखमि आंशकि रूप से मौजूदा फसल/पशुधन/अन्य बीमा योजनाओं के अंतर्गत आते हैं, वहीं FPO के व्यावसायकि जोखमिों को कवर करने का कोई प्रावधान नहीं है।
- **बुनयिादी ढाँचे तक अपर्याप्त पहुँच:** उत्पादक समूह के पास परविहन सुवधिाओं, भंडारण, मूल्यवर्द्धन और प्रसंस्करण, ब्रांड नरि्माण एवं वपिणन आदि के एकीकरण के लयि आवश्यक बुनयिादी ढाँचे तक अपर्याप्त पहुँच है।

## आगे की राह

- **कार्य का विभाजन:** FPO के लिये पूरी तरह से किसानों के साथ जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित करना और गैर-कृषि गतिविधियों में मदद के लिये एक FPO सपोर्ट यूनिट (FPOSU) की स्थापना करना आवश्यक है।
  - FPOSU को कई FPO के साथ मिलकर काम करने के लिये स्थापित किया जाएगा जिससे बड़ी छूट प्राप्त करने, बड़े खरीदारों के साथ सौदेबाज़ी करने, स्रोत से संबंधित उपयुक्त सलाह देने, क्रेडिट, बीमा और अन्य उत्पादों तथा सेवाओं जैसी लाखों किसानों की मांग की पूर्ति की जा सकेगी।
- **विपणन को सक्षम बनाना:** FPOs की सफलता के लिये लाभकारी कीमतों पर उपज का विपणन सबसे महत्त्वपूर्ण है।
  - FPOs की दीर्घकालिक स्थिरता के लिये उद्योग/अन्य बाज़ार के खिलाड़ियों, बड़े खुदरा विक्रेताओं आदि के साथ जुड़ाव आवश्यक है।
  - इसके अलावा FPO को ग्रामीण कृषि बाज़ार (GRAM) के रूप में मानने और FPO के स्वामित्व तथा प्रबंधन के लिये आवश्यक विपणन बुनियादी ढाँचे का निर्माण करने की आवश्यकता है।
- **UBER/OLA मॉडल:** सफाई, ग्रेडिंग, छँटाई, परख, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और परिवहन के लिये FPO पर फार्म स्तर के बुनियादी ढाँचे के निर्माण के लिये संसाधनों का अभिसरण आवश्यक है।
  - ऐसा शेयरधारक सदस्यों के लाभ के लिये UBER/OLA मॉडल पर आधारित कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना द्वारा किया जा सकता है।
- **FPO के सुदृढ़ीकरण को नकारना:** संबंधित मंत्रालयों/विभागों को सेवाओं के कुशल वितरण और बेहतर परिणामों के लिये FPO के माध्यम से सभी "किसान केंद्रित योजनाओं" को लागू करने के लिये अनिवार्य किया जा सकता है।
  - इसके अलावा भारत सरकार की खाद्यान्न खरीद नीति में एक उपयुक्त प्रावधान हो सकता है जिसमें MSP योजना के तहत FPO के माध्यम से सीधे कृषि वस्तुओं की खरीद की आवश्यकता होती है।
- **FPO से संबंधित शिक्षा:** निजी संस्थान/कृषि विश्वविद्यालय FPO प्रोत्साहन और कृषि व्यवसाय प्रबंधन पर विशेष पाठ्यक्रम शुरू कर सकते हैं, जिसमें महिलाओं सहित ग्रामीण युवाओं पर ध्यान दिया जा सकता है ताकि FPO गतिविधियों के प्रबंधन के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में पेशेवरों का एक बड़ा पूल तैयार किया जा सके

## निष्कर्ष:

चूँकि FPO को किसानों की आय बढ़ाने और कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिये आगे का रास्ता माना जाता है, इसलिये विभिन्न हितधारकों द्वारा FPO को बढ़ावा देने हेतु भविष्य की रणनीतियों को जन जागरूकता निर्माण, संस्थागत विकास, पारिस्थितिकी तंत्र के साथ जुड़ाव और डिजिटल निगरानी पर ध्यान दिया जाना चाहिये।

**अभ्यास प्रश्न:** किसान उत्पादक संगठनों को किसानों की आय बढ़ाने और कृषि विकास को बढ़ावा देने हेतु भविष्य के लिये एक उपयुक्त कदम माना गया है। चर्चा कीजिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/strengthening-of-fpo